## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति पदयात्रा का हुआ आयोजन, दी जानकारी



**विजयराघवगढ़।** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत नारी शक्ति पद यात्रा का किया गया। आयोजन मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के आदेशानुसार एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास के निर्देशन में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य के अंतर्गत परियोजना विजयराघवगढ़ में नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें समाज की प्रबुद्ध महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एके कोरी की उपस्थिति में किया गया। रैली जनपद पंचायत से होते हुए परियोजना ऑफिस में समाप्त हुई। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अभियान के नारे और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति संपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। शासन स्तर पर उनके अधिकार और नवीन नियमों की जानकारी प्रदान की गई।

### शुभी चौरसिया ने विद्यालय में लहराया परचम



**उमरियापान।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में उमरियापान की छात्रा शुभी चौरसिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वे संदीप चौरसिया एवं नीलम चौरसिया की पुत्री, व सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार चौरसिया की नातिन हैं। शुभी को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### साक्षी सेन ने मारी बाजी



**सिलौड़ी।** स्थानीय साक्षी सेन 10 वीं में 95 प्रतिशत सिलौंडी को किया गौरवान्वित किया है। साक्षी शासकीय कन्या हाई स्कूल की छात्रा हैं, साक्षी सेन पिता केश लाल सेन की पुत्री हैं, स्थानीय लोगों ने छात्रा की इस उपलिब्ध पर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है।

### दीवार लेखन से दे रहे जल संरक्षण का संदेश

**उमरियापान।** सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं द्वारा दीवारों पर नारे लेखन कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। यह पहल शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत की जा रही है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा की विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने बताया कि इस अभियान के तहत सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण से प्रेरक नारे लिखकर जागरूक कर रहे हैं।

### 19 बंदर पकड़कर जंगलों में छोड़े गए सुरक्षित



**कटनी।** नगर वासियों को बंदरों की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अभियान निरंतर जारी है। मथुरा ने तीसरे दिन जालपा वार्ड के सामुदायिक भवन से बंदरों को पकड़ने की कार्यवाही की। निगम प्रशासन के निर्देशन में प्रशिक्षित टीम ने सुरक्षित तरीके से 19 बंदरों को पकड़कर उन्हें शहर से दूर जंगल क्षेत्र में छोड़ा गया, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और बंदरों को भी कोई नुकसान न पहुंचे। निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान नगर में लगातार संचालित किया जा रहा है, जिससे शहर के विभिन्न वार्डों में बंदरों के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित किया जा सके।

# अस्पताल में बेड पर शराब पीने से रोकने पर डॉक्टर से गाली-गलौज, कट्टे से फायरिंग

**सतना।** जिले के उचेहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे भर्ती मरीज 23 वर्षीय शिवम द्विवेदी ने बेड पर शराब पीने से रोकने पर डॉक्टर से गाली-गलौज की और अस्पताल के बाहर कट्टे से फायर कर दिया। घटना में ड्यूटी डॉक्टर बाल-बाल बच गए और आरोपी मरीज अपनी बाइक से फरार हो गया। वर्तमान में अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश कर रही है।



### कमजोरी के कारण भर्ती था मरीज,बेड पर पीने लगा शराब

जानकारी के अनुसार,कोठी रमपुरवा (थाना उचेहरा) निवासी 23 वर्षीय शिवम द्विवेदी पिछले दो दिनों से कमजोरी के चलते डॉक्टर की सलाह पर अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती था। शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे वार्ड स्टाफ ने शिवम को बिस्तर पर शराब पीते देखा। स्टाफ ने तुरंत इसकी सूचना ड्यूटी डॉक्टर दीपक पांडेय को दी। सूचना मिलने पर डॉक्टर पांडेय मौके पर पहुंचे और मरीज शिवम को अस्पताल परिसर में शराब पीने से मना किया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। डॉक्टर की चेतावनी से नाराज शिवम ने डॉक्टर और वार्ड बॉय के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब डॉक्टर वहां से जाने लगे,तो शिवम भी अस्पताल के बाहर पहुंचा। उसने अपनी बाइक स्टार्ट की,कट्टे से फायर किया और मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,इस फायरिंग में डॉक्टर दीपक पांडेय बाल-बाल बच गए। घटना के बाद डॉक्टर ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी,लेकिन पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो चुका था। रात में ही घटनाक्रम से बीएमओ को भी अवगत कराया गया। गोली चलने से अस्पताल में भर्ती मरीजों में दहशत का माहौल है। बीएमओ डॉक्टर ए के राय ने बताया,शिवम को दो दिन पहले भर्ती किया गया था।लेकिन वह बोतल चढ़वाने के बाद घर चला जाता था। शुक्रवार को भी शिवम रात अस्पताल आया और वार्ड में बोतल चढ़वाने के बाद बेड पर बैठ कर शराब पीने लगा। अस्पताल स्टाफ से घटना की जानकारी होने पर शनिवार को टीआई उचेहरा सतीश मिश्रा को अस्पताल प्रबंधन की ओर से शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की धरपकड़ के प्रयास कर रही है।

# मैहर में दर्दनाक हादसा: तालाब में डूबने से दो बहनों की मौत,4-4 लाख सहायता राशि घोषित

**मैहर।** पटेहरा (वार्ड नंबर 4) स्थित बीड़ी कॉलोनी में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ एक परिवार में वार्षिक पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शामिल होने आए लोग पटेहरा तालाब में पूजन और दाल धोने गए थे।





नहाने के दौरान एक बच्ची का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने की कोशिश में अन्य सदस्य भी डूबने लगे।शोर सुनकर स्थानीय लोग पहुँचे और एक युवती व एक बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया,जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। दुर्भाग्यवश,दो सगी बहनें-10 वर्षीय पूनम चौधरी और 20वर्षीय आंचल चौधरी की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय मछुआरों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम दिव्या पटेल और सीएसपी सहित पुलिस बल मौके पर पहुँचा। प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आरबीसी 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# अमिलिया कला में हाईटेंशन लाइन गिरने से खेतों और घरों में मची तबाही

**मैहर।**

अमिलिया कला क्षेत्र में शनिवार को बिजली विभाग की लापरवाही और प्राकृतिक प्रकोप के कारण भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि 11,000 केवी की हाईटेंशन लाइन का खंभा गिरने और तारों के आपस में टकराने (शॉर्ट सर्किट) से निकली चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया।



तेज हवाओं के कारण आग खेतों से निकलकर रिहायशी इलाकों तक पहुँच गई,जिससे कई घर चपेट में आ गए। फायर ब्रिगेड के समय पर न पहुँचने के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर खुद ही आग बुझाने का प्रयास करते नजर आए।डर के मारे कई परिवारों ने अपने घरों को खाली कर दिया है। इस अग्निकांड में खड़ी फसलों और संपत्तियों के भारी नुकसान की आशंका है। फिलहाल पूरा इलाका दहशत में है और प्रशासन व बिजली विभाग की टीम का इंतजार किया जा रहा है ताकि स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके और नुकसान का आकलन हो सके।

# कामता टोला में ट्रांसफार्मर में लगी आग, चपेट में आई कार





**सतना।** शुक्रवार दोपहर नजीराबाद के कामता टोला स्थित एक शासकीय स्कूल के पास ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग की चपेट में पास खड़ी एक कार भी आ गई। सूचना मिलने पर बिजली विभाग और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। यह घटना दोपहर लगभग 3.30 बजे हुई। बताया गया कि एक ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद उसकी लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि नीचे लगा दूसरा ट्रांसफार्मर भी जलने लगा। ट्रांसफार्मर के नजदीक खड़ी कार क्रमांक एमपी 19 सीए 7448 भी आग की चपेट में आ गई,हालांकि स्थानीय लोगों ने समय रहते उसे सुरक्षित हटा लिया,जिससे कार के अगले हिस्से में मामूली क्षति हुई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। दमकल कर्मियों ने दो दमकल वाहनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

### 42° तक पहुंच गया पारा

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार,इन दिनों दोपहर का तापमान लगभग 42° सेल्सियस तक पहुंच रहा है। भीषण गर्मी के कारण बिजली की खपत में लगातार वृद्धि हो रही है,जिससे ट्रांसफार्मरों पर अत्यधिक भार पड़ रहा है। इसी वजह से इस तरह की घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं। गौरतलब है कि शहर के विभिन्न इलाकों में ट्रांसफार्मर फुंकने और उनमें आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो बिजली व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बन गई हैं।

# शानिज़ा अफ़रोज़ और सौम्या अग्रवाल ने रचा इतिहास

**मैहर।** हाल ही में घोषित हुए परीक्षा परिणामों में कैमोर और मैहर ज़िले की प्रतिभाओं ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। जहाँ एक ओर राजधानी भोपाल में पढ़ाई करते हुए प्रदेश की मेरिट सूची में जगह बनाई है,वहीं मैहर के घुनवारा की लाड़ली ने गणित समूह में पूरे ज़िले में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। कैमोर (कटनी) के प्रसिद्ध उद्योगपति,समाजसेवी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष इंजीनियर नवाब ख़ान की सुपुत्री शानिज़ा अफ़रोज़ ख़ान ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 97% अंक अर्जित कर प्रदेश की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया है। सफलता पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इंजीनियर नवाब ख़ान,जो वर्तमान में भोपाल में निवासरत हैं,ने सभी शुभचिंतकों का आभार जताया है।मैहर ज़िले के घुनवारा स्थित माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी इस वर्ष ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। कक्षा 12 वीं के परिणामों में सौम्या अग्रवाल ने 96.2%अंक प्राप्त कर गणित समूह में पूरे मैहर ज़िले में प्रथम स्थान हासिल किया है। सौम्या की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएँ भी शिखर तक पहुँच सकती हैं। उनके साथ ही भैरवी पटेल (90.4%) ने द्वितीय और चन्द्र कान्ता सिंह (88.4%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रकृति तिवारी और अन्नपूर्णा प्रजापति ने 97.2% अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अना सोनी (95.2%) दूसरे और सिमरन कौर(90.4%) तीसरे स्थान पर रहीं।विद्यालय के संचालक संजय कुमार शुक्ला एवं प्राचार्य ने विद्यार्थियों की सफलता को उनके अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम बताया।इन मेधावी छात्रों की सफलता से पूरे अंचल में प्रेरणा का संचार हुआ है और चारों ओर से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।





# मैहर में आठवीं की छात्रा से गैंगरेप,दो संदिग्ध हिरासत में



**मैहर।** जिले के झुकेही चौकी क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा शुक्रवार को जब स्कूल से घर लौट रही थी,तभी दो युवकों ने उसे अगवा कर लिया और एक कमरे में बंधक बनाकर उसके साथ दरिंदगी की। परिजनों द्वारा लापता होने की शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाई और शनिवार को छात्रा को एक बंद कमरे से बदहवास हालत में बरामद किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वरिष्ठ अधिकारी मामले की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ अपहरण,बंधक बनाने और गैंगरेप की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और पुलिस प्रशासन ने दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मैहर में गूंजेगी शहनाई, 150 जोड़े बनेंगे हमसफर

**मैहर।** जिले में रविवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्य आयोजन हाउसिंग बोर्ड स्थित पर्यटन सूचना केंद्र में सुबह 10बजे से शुरू होगा। इस आयोजन को उत्सव का रूप देने के लिए शहर में ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ बारात निकाली जाएगी। इसी क्रम में जनपद पंचायत मैहर परिसर में भी 150 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी शहरवासियों से इस पुनीत कार्य में शामिल होकर नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद देने की अपील की है। जनपद सीईओ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह आयोजन सामाजिक समरसता की एक मिसाल पेश करेगा,जिसमें प्रशासन और जन भागीदारी का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# जबलपुर से अयोध्या के बीच चलेगी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन

**सतना।** पश्चिम मध्य रेल ने गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुविधा को देखते हुए जबलपुर से अयोध्या धाम जंक्शन के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन (गाड़ी संख्या 01705/01706) दोनों दिशाओं से 13-13 फेरे लगाएगी।

### ट्रेन की समय-सारणी और रूट

**गाड़ी संख्या 01705 (जबलपुर से अयोध्या):**

यह ट्रेन 21अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक हर मंगलवार शाम 19:40 बजे जबलपुर से रवाना होगी। यह कटनी,सतना,प्रयागराज छिवकी और वाराणसी होते हुए अगले दिन बुधवार सुबह 11:25 बजे अयोध्या धाम पहुँचेगी।

**गाड़ी संख्या 01706 (अयोध्या से जबलपुर):**

वापसी में यह ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक हर बुधवार दोपहर 13:30 बजे अयोध्या से चलेगी और गुरुवार सुबह 06:45 बजे जबलपुर पहुँचेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित,शयनयान और सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध हैं। सभी श्रेणियों में आरक्षित बर्थ उपलब्ध हैं,जिनका लाभ यात्री अग्रिम बुकिंग के माध्यम से उठा सकते हैं।



### आदित्य ने फहराया परचम

**सतना।** आदित्य जितेंद्र कुशवाहा निवासी धवारी सीबीएसई बोर्डपरीक्षा की कक्षा 10 वीं में 38-4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अल्फोर्स स्वर्णलीला इंटरनेशनल स्कूल व वणी स्कूल नागपुर में दूसरा स्थान हासिल किया है। उनकी सफलता में उनके दादा जी हीरालाल कुशवाहा और परिजना कामता प्रसाद कुशवाहा, शिवीलक कुशवाहा,रमेश कुशवाहा,रामनिश्जन कुशवाहा ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### अनुपम पाण्डेय को जोन 4 से हटाने,मूल विभाग में भेजे जाने व अनियमितता की जांच कराने की मांग को लेकर गरीब सेना धरना देगी

**सतना।** *गरीब सेना नगर पालिक निगम में सहायक प्रभारी निरीक्षक राजस्व विभाग अनुपम पाण्डेय को जोन क्र.4 से तत्काल हटाकर मूल विभाग में भेजे जाने एवं उसके द्वारा की गई अनियमितताओं की जांच कराने की मांग को लेकर हनुमाननगर नईबस्ती स्थित नगर पालिक निगम जोन.क्र.04 कार्यालय के समक्ष 20 अप्रैल सोमवार सुबह 11 बजे से एक दिवसीय धरना देगी।*

# एकेएस विश्वविद्यालय के छात्र का टीसीएस में चयन

**सतना।**



एकेएस यूनिवर्सिटी के बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) 2024 बैच के छात्र प्रियांशु देव विश्वकर्मा का चयन देश की अग्रणी आईटी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज में सिस्टम्स इंजीनियर (ग्रेड C1) पद पर हुआ है। उन्हें 7.09 लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ दिल्ली में नियुक्ति मिली है। इस उपलब्धि पर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के डॉ.अखिलेश ए.वाऊ,विभागाध्यक्ष डॉ. सी. एस.गौतम तथा डॉ.प्रमोद सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्र की मेहनत, तकनीकी दक्षता और विभाग द्वारा दिए गए सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा डेटा स्ट्रक्चर,एल्गोरिद्म,प्रोग्रामिंग,मॉक इंटरव्यू,कोडिंग प्रैक्टिस और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है,जिससे छात्र प्लेसमेंट के लिए पूर्णतः तैयार हो सकें। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी एवं कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि विश्व विद्यालय निरंतर छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षा का उन्नयन उसका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### अजवाइन पंचायत को मिली जल संकट से मुक्तिः विधायक ने किया पानी टंकी का लोकार्पण

**मैहर।** विधानसभा के ग्राम पंचायत अजवाइन में वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का अंत हो गया है। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने नवनिर्मित पानी टंकी का विधिवत लोकार्पण कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। अजवाइन पंचायत लंबे समय से भीषण जल संकट से जूझ रही थी,जहाँ महिलाओं को सिर पर बर्तन रखकर पानी के लिए कोसों दूर भटकना पड़ता था। लोकार्पण के दौरान विधायक चतुर्वेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस पानी टंकी के माध्यम से अब घर-घर तक पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।नई टंकी शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष की लहर है और उन्होंने इसे 'विकास की नई सुबह' बताया है।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। विशेषज्ञों के अनुसार,नियमित जलापूर्ति से क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य के मानकों में भी सुधार होगा।

# सूरज के तेवर तल्ख, गरम लपट व चिलचिलाती धूप से लोगों का हाल बेहाल

**हरिभूमि न्यूजः कटनी** दिनों दिन सूर्य अपने तेवर दिखाने लगा है। रोजाना तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है। सुबह से ही भीषण गर्मी के प्रकोप में लगातार वृद्धि हो रही है। इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है, इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका प्रभाव सड़कों पर भी दिखने लगा है। दोपहर के समय में लोगों की आवाजाही कम हो गई है। वहीं, न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। आगामी दिनों तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहने की संभावना है। बदलते मौसम के कारण इस भीषण गर्मी के चलते मौजूदा समय में लोग पसीने से तरबतर दिखाई देने लगे है। न्यूनतम तापमान कम होने से अब तक शाम को गर्मी से काफी राहत रही लेकिन दिन में गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं, तेज धूप के कारण लोगों ने घरों से बाहर निकलने से परहेज किया जाने लगा है, इससे दोपहर के समय शहर की मुख्य सड़कें, मार्ग व बाजार दोपहर में वीरान नजर आए। अधिकांश दुकानों पर दिन में व्यापारी खाली बैठे रहे। वहीं, दिन ढलने के बाद लोग घरों से निकले और बाजार में भीड़ बनी रही।

## खबर संक्षेप

### एमपी टॉपर प्रतिभा सिंह को पूर्व शिक्षा मंत्री मुकेश नायक ने दी बधाई, पन्ना की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान



**पन्ना।** बात अगर शिक्षा जगत और बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं प्रेरणा देने की हो, तो ऐसे अवसरों पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता हमेशा विशेष महत्व रखती है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (डच्ठैम्) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम में पन्ना जिले का परचम लहराते हुए गुनौर विकासखंड के ग्राम हिनौती की कुमारी प्रतिभा सिंह सोलंकी ने पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिभा सिंह की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद उन्हें लगातार प्रदेशभर से बधाइयाँ मिल रही है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, मीडिया विभाग के अध्यक्ष तथा पन्ना जिले की पवई विधानसभा से पूर्व विधायक रह चुके मुकेश नायक ने वीडियो कॉल के माध्यम से प्रतिभा सिंह से संवाद कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। बातचीत के दौरान मुकेश नायक ने कहा कि शिक्षा जगत और बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने की दिशा में यह उपलब्धि अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले की बेटी ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने प्रतिभा की मेहनत, निरंतरता, एकाग्रता और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सीमित संसाधनों के बावजूद यह उपलब्धि अत्यंत सराहनीय है। पूर्व मंत्री ने प्रतिभा सिंह को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता केवल एक शुरुआत है और आगे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर और बड़े लक्ष्य तय करने चाहिए। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और लगन से वे भविष्य में और ऊँचाइयाँ हासिल कर सकती हैं। उन्होंने प्रतिभा के पिता भारतेंदु सिंह से भी बातचीत की और उन्हें बेटी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और यह पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय है। इसी दौरान गुनौर क्षेत्र के कांग्रेस नेता श्रवण तिवारी ने बताया कि भारतेंदु सिंह अपने समय में भी प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं, जिस पर मुकेश नायक ने कहा कि यदि बच्चे अपने माता-पिता से आगे बढ़ते हैं तो यह किसी भी परिवार के लिए सबसे बड़ा गौरव का क्षण होता है। इसी अवसर पर श्री नायक ने गुनौर निवासी सुरेश कुमार पटेल के पुत्र अनूप पटेल को भी बधाई दी, जिन्होंने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 11वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने दोनों विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए आगे और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि यदि विद्यार्थियों को आगे पढ़ाई के लिए किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी तो वे हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे जल्द ही पन्ना आकर प्रतिभा सिंह से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे।

### जिला स्तरीय कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म0प्र0 भोपाल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा 2026 के घोषित परिणाम के उपरांत कलेक्टर पन्ना ऊषा परमार द्वारा जिले में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की बेहतर शिक्षा के लिये कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के पालन में जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार की अध्यक्षता में दिनांक 20'.04.2026 को स्थान शासकीय मॉडल उ0मा0वि0 पन्ना में समय प्रातः 10:20 बजे से आयोजित किया जाना निर्धारित है एवं दिनांक 23.04.2026 को विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम संबंधित विकासखण्ड के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तरीय सांदीपनी शासकीय उ0मा0 विद्यालयों के प्राचायों के सहयोग से किया जाना है इस तरह से जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में मण्डल परीक्षा 2026 में प्रदेश की प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पन्ना जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं सहित पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सकेण्ड्री मण्डल परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण छात्र-छात्रायें आपनी जिज्ञासाओं के संबंध में कैरियर काउंसलर से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।
इस तरह से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य को संवारने के लिये पन्ना कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार की सोच एक बार फिर चर्चा में जहां भावी भविष्य के निर्माण को लेकर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन जो किया जा रहा है।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के द्वारा एस.पी. को हटाये जाने की मांग सोशल मीडिया में चर्चा में, कई जिलों में ज्ञापनों का दौर जारी

## सेवानिवृत्त डी.एस.पी. की गाड़ी की जांच, सीट बेल्ट न लगाने पर मड़ला पुलिस के आरक्षकों के अधिकार को लेकर भी सवाल

सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों का कहना आरक्षक को जांच के नहीं अधिकार वहीं पुलिस अधीक्षक पन्ना को हटाये जाने को लेकर सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के द्वारा दियसे जा रहे कई जिलों से ज्ञापन वहीं पन्ना के मडला थाने की घटना सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी व उनकी पत्नी पर दर्ज अपराध को लेकर जिले में जांच नहीं बल्कि भोपाल स्तर से जांच कराये जाने की मांग भी चर्चा में











**पन्ना।**

विगत 7 अप्रैल को जिले के मडला थाने में पुलिस आरक्षकों के द्वारा सेवानिवृत्त डी.एस.पी. भरत सिंह की गाड़ी की चैकिंग के दौरान सीट बेल्ट न लगाये जाने का आरोप का मामला विवाद को लेकर जहां पुलिस आरक्षकों व सेवानिवृत्त डी.एस.पी. के मध्य का वीडियो सोशल मीडिया में चर्चा का विषय तो बना ही वहीं मडला पुलिस ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की धर्मपत्नी को भी इस मामले में आरोपी बनाया। यह मामला अब समूचे प्रदेश में तूल पकड़ चुका है इंदौर, ग्वालियर, रीवा आदि बड़े नगरों से सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के द्वारा ज्ञापन पन्ना एस.पी0 के खिलाफ सोंपे जा रहे है वहीं एस.पी0. को हटाये जाने की मांग भी की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हुआ वह स्वयं पुलिस ने बनाया वहीं पुलिस आरक्षक जो वाहन चैकिंग कर रहे उनके चैकिंग को लेकर भी अधिकार को लेकर सेवानिवृत्त अधिकारी जो रीवा में ज्ञापन दे रहे है उनके वीडियो जो सोशल मीडिया में चर्चा का विषय है आरक्षकों को अधिकार नहीं जबकि थाना प्रभारी मडला क्या चैकिंग के दौरान मौजूद थी। यह तो जांच का विषय है कि अधिकार किसको थे पर सबसे बड़ा मामला इस घटना में जहां पुलिस अधीक्षक पन्ना से जुड़ चुका है जिन पर आरोप सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के द्वारा ही लगाये जा रहे है। पन्ना जिले के मडला थाने की इस घटना को लेकर जहां प्रदेश स्तर पर कहीं न कहीं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी ज्ञापन देकर मामले को सतत अपनी मांग यह भी कर रहे है कि जो सेवानिवृत्त डी.एस.पी. भरत सिंह व उनकी पत्नी राजश्री चौहान पर अपराध दर्ज किये गये उन पर खात्मा लगाया जाये और दाषियों पर कार्यवाही की जाये। अब यह मामला कहीं न कहीं पुलिस की कार्य प्रणाली जरूर स्पष्ट बयां हो रही है कि उनकी धर्मपत्नी राजश्री चौहान स्वयं घटना के दौरान वीडियो में कह रही है कि इनका स्वास्थ्य सही नहीं है और अपने पति को बार-बार चुप करा रही है साथ ही पुलिस ने जो बंदूक का रौब दिखाने का आरोप लगाया वह भी वीडियो में ही बयां हो रहा है। बंदूक वह अपने कंधे में टांगे हुये संभाले नजर आ रही है तथा पुलिस आरक्षकों व उनके पति के बीच विवाद की स्थिति जो बनी पर धर्मपत्नी राजश्री चौहान इस घटना में बचाव पक्ष को लेकर देखी जा रहीं है वीडियो में फिर इन पर अपराध दर्ज करना कहां तक लाजमी। जबकि मडला थाना पुलिस आरक्षकों व सेवानिवृत्त डी.एस.पी. भरत सिंह के मध्य जो विवाद का घटना क्रम घटित हुआ उसमें कहीं न कहीं दोनों तरफ से अहम का टकराव जरूर नजर आया। एक तरफ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस आरक्षकों द्वारा भी कहीं न कहीं अपना रोस जरूर व्यक्त किया है जबकि इस घटना में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की पत्नी राजश्री चौहान इसी दौरान अपने पति को यह भी कही रही है कि इनके मुंह मत लगो वहीं पुलिस से यह कह रही है कि मेरे पति का स्वास्थ्य खराब है फिर इस घटना में साफ जाहिर है कि पुलिस की संवेदनशीलता सीट बेल्ट न लगाने के आरोप में इतना बड़ा विवाद दोनों तरफ से अहम को लेकर सामने आया। सीट बेल्ट के मामले में पुलिस चाहती तो जुर्माना करके मामले को खत्म कर सकती थी पर जो अपराध दर्ज किये गये वहीं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी व उनकी धर्मपत्नी दोनों के ऊपर जिन्हें अपनी जमानत भी माननीय न्यायालय से करानी पड़ी। जिसको लेकर अब सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के द्वारा पन्ना जिले की पुलिस थाना मडला की घटना वाहन चैकिंग के दौरान को लेकर कहीं न कहीं पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदार माना वहीं आरक्षकों पर भी कार्यवाही की मांग की जा रही है पर पुलिस अधीक्षक को हटाने की मांग वहीं मामले की जांच पन्ना में न कराकर भोपाल स्तर से कराये जाने को लेकर सोशल मीडिया में चर्चा में। अब देखना यह है कि इस घटना को लेकर आगे होता है क्या।

# 6 वर्ष से फरार 5000 का इनामी आरोपी गिरफ्तार

## नाबालिक अपहरण प्रकरण में गुजरात से पकड़ा गया आरोपी



**पवई।**

पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को लंबित प्रकरणों में फरार आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में थाना पवई पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक लंबे समय से फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। प्रकरण में फरियादी द्वारा दिनांक 24/05/2020 को अपनी नाबालिक पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 253/2020 धारा 363 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

घटना के लगभग एक माह पश्चात अपहत बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया था तथा प्रकरण में धारा 366 भादवि का इजाफा किया गया। किंतु आरोपी घटना के समय से ही पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए गए तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पन्ना द्वारा आरोपी पर 5000 का इनाम भी घोषित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की पतारसी की गई। तत्पश्चात आरोपी को कच्छ (गुजरात) से अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे उप जेल पवई भेज दिया गया है।

**उल्लेखनीय भूमिका** - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक बुद्ध सिंह यादव, आरक्षक राजेश बरखने एवं साइबर सेल टीम पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सकरिया-डिघौरा सड़क, विधायक के हस्तक्षेप के बाद भी भ्रष्टाचार का खेल जारी, उखड़ी सड़क पर डामर की लीपापोती से खानापूर्ति

**गुनौर।** पन्ना जिले के गुनौर विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सकरिया-डिघौरा सड़क आज भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनदेखी का जीता-जागता उदाहरण बन गई है। गुनौर की श्जीवन रेखाश कही जाने वाली इस मुख्य सड़क की हालत इतनी बदतर है कि यहाँ सफर करना हादसों को न्योता देने जैसा है। हैरानी की बात यह है कि स्थानीय विधायक के कड़े रुख और हस्तक्षेप के बावजूद, निर्माण कार्य में गुणवत्ता की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं।



### डामर की परत के नीचे छिपा भ्रष्टाचार

मौके से मिली तस्वीरों और स्थानीय लोगों की शिकायतों के अनुसार, सड़क के गड्ढों को तकनीकी मानकों के अनुसार भरने के बजाय, केवल ऊपर से डामर की पतली परत चढ़ाकर खानापूर्ति (लीपापोती) की जा रही है। उखड़ी हुई पुरानी सड़क पर ही बिना सफाई और बेस तैयार किए डामर डाला जा रहा है, जो कुछ ही दिनों में फिर से उखड़ने लगा है।

### विधायक की चेतावनी भी बेअसर

ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व गुनौर विधायक ने स्वयं इस सड़क का संज्ञान लिया था और गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए अधिकारियों व ठेकेदार को निर्देशित किया था। इसके बावजूद, धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के बीच के गठजोड़ के आगे जनप्रतिनिधि के निर्देश भी बौने साबित हो रहे हैं। जीवन रेखा या मौत का रास्ता? सकरिया-डिघौरा मार्ग क्षेत्र के दर्जनों गाँवों को जोड़ता है। रोजाना हजारों की संख्या में यहाँ से वाहन और लोग गुजरते हैं। सड़क की इस खस्ताहाल स्थिति और घटिया मरम्मत कार्य पर स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि ष्यह सड़क हमारे लिए जीवन रेखा है, लेकिन भ्रष्टाचार ने इसे मौत के रास्ते में तब्दील कर दिया है। टैक्स का पैसा डामर के नाम पर मिट्टी में मिलाया जा रहा है।

### उठ रहे गंभीर सवाल

विधायक के हस्तक्षेप के बाद भी ठेकेदार इतनी मनमानी कैसे कर पा रहा है? क्या पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्च अधिकारियों ने मौके पर जाकर काम की गुणवत्ता की जांच की? सरकारी बजट की इस तरह बंदरबाँट करने वाले दोषियों पर कब होगी कठोर कार्रवाई? क्षेत्र की जनता अब शासन और जिला प्रशासन से मांग कर रही है कि इस पूरे कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और गुणवत्ताहीन डामरीकरण को तुरंत रुकवाकर नई व मजबूत सड़क का निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

# कीरतपुर सरपंच बबीता, रामबाबू गौतम ने दिए गरीब कन्याओं को वैवाहिक उपहार

**भाजपा नेता सतानंद गौतम का परिवार बीते कई वर्षों से कर रहा है मदद**

**कीरतपुर महिला सरपंच ने दिए 15 कन्याओं के विवाह के लिए उपहार**

**पिछले कई वर्षों से बालिकाओं के विवाह में दिए जा रहे उपहार**

**अप्रैल माह में होने बाली कन्याओं के लिए उपहार है मई में अलग कन्याओं को दी जाएगी उपहार सामग्री**



**पन्ना।** अजयगढ जनपद पंचायत अन्तर्गत कीरतपुर सरपंच श्रीमती बबीता रामबाबू गौतम के द्वारा कन्याओं के विवाह में उपहार स्वरूप सामग्री प्रदान की गई है भाजपा नेता सतानंद गौतम का परिवार बीते कई वर्षों से गरीब कन्याओं के विवाह में इस तरह के उपहार प्रदान कर रहा है सतानंद गौतम ने बताया कि हमें प्रसन्नता है कि हम अपनी ग्राम पंचायत की प्रत्येक बेटी के विवाह है मैं इस तरह का उपहार प्रदान कर पा रहे हैं।

रामबाबू गौतम ने बताया कीरतपुर ग्राम पंचायत में इस वर्ष होने वाले गांव की कन्याओं के विवाह में महिला सरपंच बबीता रामबाबू गौतम के द्वारा उपहार प्रदान किए गए। विगत कई वर्षों से इसी तरह बालिकाओं को उपहार दे कर उनकी सहायता की गई थी। रामबाबू गौतम ने बताया कि हमारा प्रयास है कि जिन कन्याओं का विवाह हो रहा है प्रत्येक वर्ष इस तरह का उपहार दिया जाए ओर जन सहयोग मिल जाये तो बड़े स्तर से कन्यादान भी किया जा सकता है अभी गांव में ही मदद कर रहा हूं फिर अन्य गांव की बालिकाओं को भी मदद पहुंचा सकूंगा इससे गरीब परिवार के लोगों की मदद हो जाती है अच्छी उपहार से लोगों को खुशी भी होती है। उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष इस तरह उपहार दे रहे हैं और आगे भी कन्याओं के विवाह में उपहार देते रहेंगे, कन्याओं के परिजनों और उनको फ्रिज, कूलर, अलमारी बक्सा जैसे उपहार प्रदान किए गए, जिन्हें महंगे उपहार दिए गए उनमें सुधा लोध पिता लालबहादुर, प्रीति यादव पिता राममूरत मानू यादव पिता गोला यादव,मैना लोध पिता रामौतार आरती लोध पिता उदरी लोध, कौशल्या पिता फरसुराम ,पूनम अहिरवार पिता शिवलोचन अहिरवार, कल्पना प्रजापति पिता जागेश्वर, लीलावती लोध पिता चुनवाद लोध,कल्पना पाल पिता रामस्वरूप ,सविता लोध पिता राममनोहर, खुशी सेन पिता भोला,सुनीता अहिरवार पिता संतु पूनम यादव पिता जयकरण यादव को सरपंच बबीता रामबाबू गौतम के इस सकारात्मक सोच और जनकल्याण की इस कार्य की ग्राम पंचायत में प्रशंसा हो रही है इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अमृत योजना के काम में ठेकेदार की मनमानी, पीडब्ल्यूडी की हिदायत भी बेअसर; हादसों को न्योता दे रही अवैध खुदाई

**गुनौर। नगर परिषद गुनौर में अमृत योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम विवादों के घेरे में है। ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति के डिघौरा मुख्य मार्ग के दोनों तरफ साइड शोल्डर को जेसीबी से खोदा जा रहा है, जिससे न केवल सड़क को नुकसान पहुँच रहा है, बल्कि यह स्थिति बड़े सड़क हादसों को भी खुला निमंत्रण दे रही है।**



विभाग की बेबसी कोई सुनने को तैयार नहीं इस गंभीर मुद्दे पर पूर्व में जब पीडब्ल्यूडी (च्व्) विभाग के एसडीओ अजय मिश्रा से चर्चा की गई, तो उन्होंने विभाग की लाचारी और ठेकेदार की मनमानी का कच्चा चिट्ठा खोल दिया। एसडीओ मिश्रा ने बताया कि ष्इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। ठेकेदार को भी सख्त हिदायत दी गई थी कि सड़क के किनारों को इस तरह नुकसान न पहुँचाया जाए, इसके बावजूद जेसीबी मशीनों से खुदाई का काम धड़ल्ले से जारी है। सुरक्षा मानकों की उड़ रही धज्जियाँ सड़क के किनारे (साइड शोल्डर) वाहनों के सुरक्षित आवागमन और सड़क की मजबूती के लिए बेहद जरूरी होते हैं। इन्हें खोदकर खुला छोड़ देने से दोपहिया और चार पहिया वाहनों के पलटने का खतरा बढ़ गया है। मौके पर सुरक्षा के कोई इंतजाम न होना ठेकेदार की घोर लापरवाही को दर्शाता है।

### जिम्मेदारों की चुप्पी

हैरानी की बात यह है कि पीडब्ल्यूडी जैसे जिम्मेदार विभाग की शिकायतों और हिदायतों को भी दरकिनार किया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस ठेकेदार को किसका संरक्षण प्राप्त है, जो सरकारी नियमों और सार्वजनिक सुरक्षा की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा रहा है? स्थानीय नागरिकों ने अब जिला कलेक्टर से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और नियमों के विरुद्ध काम कर रहे ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# गर्मियों में वन्य जीवों के लिए जीवनदायिनी पहल, दक्षिण पन्ना वनमण्डल में जल गंगा संवर्धन अभियान तेज

### जल स्त्रोतों का सुधार और संरक्षण एवं पुराने टायर का पुनरुपयोग और सॉल्ट लिक नवाचार से वन्यजीवों को मिलेगी राहत







**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गर्मियों के दौरान वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न वन परिक्षेत्रों में वनकर्मियों द्वारा नवाचार और श्रमसाध्य प्रयासों के माध्यम से जल स्त्रोतों की मरम्मत, सुधार एवं संरक्षण किया जा रहा है, जिससे वन्यजीवों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके। कल्दा रेंज अंतर्गत वनरक्षक नाका जुर्सिंहा में वनरक्षक वीरेंद्र पटेल द्वारा पक्षियों के लिए पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं शाहनगर रेंज के बोरी बीट में वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे एवं पुराने मोटरसाइकिल टायरों को सीमेंट कर उनमें पानी भरकर अभिनव जल संरचनाएं तैयार की गई हैं। इस कार्य में बीट गार्ड प्रेम नारायण वर्मा का सराहनीय सहयोग रहा। शाहनगर रेंज के उमरिया बीट में वनरक्षक आशीष कुमार पांडे द्वारा न केवल पेयजल व्यवस्था की गई है, बल्कि सॉल्ट लिक विकसित करने का भी नवाचार किया गया है। लगभग 10×4 फीट आकार एवं 10 सेमी गहराई में समतल भूमि पर नमक डालकर सॉल्ट लिक तैयार किया गया है। सॉल्ट लिक वन्यजीवों के लिए आवश्यक खनिज तत्वों की पूर्ति करता है, जिससे उनकी शारीरिक वृद्धि, पाचन एवं स्वास्थ्य में सुधार होता है तथा वे जंगल के भीतर ही बने रहते हैं। आशीष पांडे द्वारा विभिन्न झिरियाओं एवं अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई, मेड़ निर्माण एवं पत्थर पिचिंग का कार्य भी किया गया है। शाहनगर रेंज में ही करौंदी, रामपुर एवं अन्य बीटों में वनरक्षक राजेश यादव, संतोष रजक तथा अन्य द्वारा झिरिया सुधार कार्य निरंतर जारी है। पवई रेंज के तालगांव पश्चिम बीट में भी वनरक्षक गजेंद्र आरख द्वारा झिरिया की साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य किया गया है। वनमण्डल में केवल जल स्त्रोतों का निर्माण ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित निगरानी भी की जा रही है। शाहनगर रेंज के सर्किल मरहा में परिक्षेत्र सहायक राम प्रसाद पटेल के नेतृत्व में गश्ती दल द्वारा बीट ताला एवं आसपास के वन क्षेत्रों में भ्रमण कर जल स्त्रोतों की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान वनरक्षक उदयभान सिंह, विनोद कुमार वर्मा एवं सुरक्षा श्रमिक भी शामिल रहे। इस प्रकार समन्वित प्रयासों से वन्यजीवों को सुरक्षित एवं पर्याप्त जल उपलब्ध कराने की दिशा में दक्षिण पन्ना वनमण्डल निरंतर सक्रिय है।

## खबर संक्षेप

### भूसोर गेट तोडने के मामले में दर्ज कराई रिपोर्ट

छतरपुर। केन बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावितों द्वारा ढोडन बांध पर प्रदर्शन किया जा रहा था। इन प्रदर्शनकारियों से मिलने और उनकी समस्याओं को जानने के लिए यूथ कांग्रेस का एक दल जाना चाह रहा था। लेकिन वन विभाग द्वारा उन्हें रोक दिया गया और रोकने पर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ का वन विभाग के कर्मचारियों से विवाद हो गया। जबरन घुसने के लिए यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भूसोर गेट को तोड़ दिया और वन कर्मचारियों के साथ अभ्रदता की जिस पर चंद्रनगर के वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बमीठा थाने में मामला दर्ज कराया गया। बमीठा थाना पुलिस ने वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्रनगर की रिपोर्ट पर यूथ कांग्रेस प्रदेशउपाध्यक्ष सहित 50 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बमीठा थाने मे भूसोर गेट पर डयूटी पर तैनात कर्मचारियों के कार्य मे बाधा डालना शासकीय सम्पतिं को नूकसान पहुंचाने के मामले मे धारा 223, 132, 191(2)190 बीएनएस 3 (1) लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। यह मामला राजेन्द्र कुमार सोलंकी वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्रनगर पन्ना टाईगर रिजर्व के द्वारा दिए गए आवेदन पर दर्ज किया गया। इस मामले में यूथ कांग्रेस के प्रदेशउपाध्यक्ष अभिषेक परमार और निधि चतुर्वेदी कांग्रेस नेत्री भी शामिल है। वहीं इस मामले में वहीं इस मामले में बमीठा टीआई बाल्मीक चौबे ने बताया कि जिन लोगों पर मामला दर्ज हुआ है उनमें से 25 लोगों की पहचान कर ली गई है और अब सभी की गिरफ्तारी होगी।

### गढ़ी मलहरा में एक ही रात में दो स्थानों पर चोरी

छतरपुर जिले के गढ़ी मलहरा कस्बे में शनिवार रात चोरों के हौसले बुलंद नजर आए, जहां दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आईं। पहली घटना जूनियर हाई स्कूल में हुई, जहां चोरों ने रसोईघर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर और खाद्य सामग्री चोरी कर ली। रसोईया सुनीता चौरसिया के अनुसार चोर रसोई का पूरा सामान समेट ले गए। दूसरी घटना में चोर विनोद पचौरी के मकान में घुसा, लेकिन आहट मिलने पर आसपास के लोग जाग गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस और मोहल्ले के लोगों की मदद से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जिसकी पहचान विकास चौरसिया पिता ज्ञानचंद चौरसिया के रूप में हुई, जो पड़ोस का ही निवासी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि एक चोरी की घटना थाना प्रभारी के निवास के ठीक बगल में हुई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में आगम जैन ने थाने का निरीक्षण कर सुरक्षा को लेकर जनसंवाद किया था। इसके बावजूद लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

### महिला ने जहर खाया



छतरपुर। जिला अस्पताल में शनिवार को एक महिला की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई। मृतका की पहचान बारीगढ़ थाना क्षेत्र के जुझारनगर गांव निवासी 56 वर्षीय संपत अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गांव में बटाई के खेत पर काम करते समय उनका मोबाइल फोन गुम हो गया था। मोबाइल गुम होने को लेकर पास के खेत मालिकों से विवाद हो गया। इस विवाद के बाद महिला मानसिक रूप से काफी परेशान थीं। परिजनों ने बताया कि 11 अप्रैल को उन्हें सूचना मिली कि संपत अहिरवार ने जहर खा लिया है। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।नाती राहुल अहिरवार ने बताया कि दादी मोबाइल गुम होने और उसके बाद हुए विवाद से बहुत परेशान थीं। बाद में मोबाइल मिल जाने की भी जानकारी सामने आई, लेकिन तब तक महिला जहर खा चुकी थीं। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

# नौगांव दौरे पर मानव अधिकार आयोग सख्त, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

नौगांव।

मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने नौगांव के एक दिवसीय दौरे के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाओं और जन समस्याओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और जनसुनवाई से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा कमियों को तत्काल दूर करने के सख्त निर्देश दिए।

दौरे के दौरान अवधेश प्रताप सिंह ने नौगांव सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने महिलाओं के लिए बैठने की उचित व्यवस्था न होने, ऑपरेशन रूम को अभी तक चालू न किए जाने और शव रखने की अलग व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने बीएमओ डॉ. रविंद्र पटेल को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं की सभी कमियों को तुरंत सुधारें और अस्पताल सुचारू रूप से चलना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।



इसके अलावा उन्होंने नगर स्थित एक निजी स्कूल पहुंचकर छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ से मुलाकात की और शिक्षा व्यवस्था व बच्चों की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्थानीय चिकित्सक डॉ. आईपी सिंह यादव के निवास पर भी जाकर क्षेत्रीय स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर बातचीत की।

नौगांव सर्किट हाउस में मीडिया से चर्चा करते हुए आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले तीन महीनों में आयोग द्वारा जरूरतमंद लोगों को एक करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस सहायता में दुर्घटनाओं, सर्पदंश से मृत्यु और अन्य आपात स्थितियों के मामलों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में लंबे समय से लंबित मामलों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है, ताकि प्रभावित लोगों को शीघ्र न्याय मिल सके।

आदिवासी परिवारों के मुद्दों पर उन्होंने आश्वासन दिया कि उन्हें भी आवश्यक आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। साथ ही छतरपुर जिले में हाल ही में पुलिस पर लगे गंभीर आरोपों के मामलों को आयोग ने संज्ञान में ले लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।

अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग का मुख्य उद्देश्य लोगों की मदद करना, उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी नागरिक अन्याय या परेशानियों का शिकार न हो। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## चोरों ने मंडप के दिन घर को बनाया निशाना

### लल्जू श्रीवास के घर से 3 लाख रुपये के जेवरात और नकदी की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



छतरपुर।

थाना ओरछा रोड क्षेत्र के ग्राम कैड़ी में शनिवार रात चोरों ने एक परिवार का मंडप वाले दिन घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना से पूरे परिवार में मायूसी छा गई क्योंकि आज ही उनके घर में लड़के का मंडप कार्यक्रम होने वाला था।

पीड़ित लल्जू श्रीवास (पिता छन्नू श्रीवास) ने बताया कि रात दो से तीन बजे के बीच जब पूरे परिवार के लोग सो रहे थे, उसी समय चोर मकान के पीछे वाले रास्ते से आए और पक्के मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने घर से जेवरात और नकदी की चोरी की, जिसकी कुल कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई जा रही है।

चोरी गए सामान में दो मंगलसूत्र, करधनी, पायल, नाक, झुमकी तथा बहन के कुछ जेवर और नकदी शामिल है। सुबह करीब पांच बजे जब परिवार के लोग जागे तो घर की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मकान के आसपास और भागने वाले रास्ते में कई जगह घर का सामान बिखरा हुआ मिला। इससे लगता है कि चोर जल्दबाजी में भागते समय कुछ सामान गिरा गए होंगे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके में छानबीन शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल चोरों की पहचान नहीं हो पाई है।

## हिन्दू संगठनों ने डाकखाना चौराहे पर प्रदर्शन, पुतला दहन

### विश्व हिंदू परिषद ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन, लव जिहाद-धर्मांतरण पर सख्त कार्रवाई की मांग

छतरपुर।

शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर के डाकखाना चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया और पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और विभिन्न मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं रामगोपाल यादव और सूरज बुंदेला ने देश में बढ़ती कथित जिहादी गतिविधियों, लव जिहाद, जबरन धर्मांतरण, महिलाओं के शोषण और अवैध कब्जों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि इन घटनाओं से समाज में असुरक्षा का माहौल बन रहा है और सामाजिक सौहार्द बिगड़ रहा है।



कार्यकर्ताओं ने जनजातीय क्षेत्रों में हो रहे कथित शोषण और पलायन के मुद्दे को भी उठाया। साथ ही खान-पान की वस्तुओं को अपवित्र करने जैसी घटनाओं पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में सरकार से लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण पर कड़े कानून बनाने, अवैध कब्जों को हटाने और ऐसे सभी मामलों में सख्त कार्रवाई करने की अपील की गई। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन मुद्दों पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन और तेज कर दिया जाएगा। एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## मुख्य न्यायाधीश ने किया बक्सवाहा सिविल कोर्ट भवन का लोकार्पण



छतरपुर।

मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश संजीव सचदेवा ने पोर्टपोलियो जज विवेक जैन के साथ बक्सवाहा तहसील के नवनिर्मित भवन का वर्चुयल लोकार्पण का क्षेत्रवासियों का सस्ते और सुलभ न्याय मंदिर की सौगात दी।माननीय मुख्य न्याधीपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर माननीय संजीव सचदेवा वचुर्वल तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर श्री रविन्द्र सिंह द्वारा रस्सी खीचकर लोकापर्ण किया गया। इस अवसर पर छतरपुर जिले के सभी विद्वान न्यायाधीशगण सहित बार के पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंच से बक्सवाहा जज अभिषेक दीक्षित और रजिस्टार अरविंद गुर्जर(मजिस्ट्रेट) ट्रांसफर होने पर भावभीनी बिदाई दी गई।

सर्वप्रथम मुख्य न्यायाधीश ने नवीन भवन को लोकार्पण कर आधुनिक सिविल कोर्ट बिल्डिंग में मौजूद आधुनिक संस्थानों के बारे प्रकाश डाला।इस अवसर प्रधान कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश देवलिया ने अधिवक्तगणों को शांति के प्रतीक स्मृतिचिन्ह कलम भेट किए। छतरपुर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शिवप्रताप ने भवन की भूरी भूरी प्रशंसाकर सदैव साथी अधिवक्ताओं के हितों के साथ खड़े रहते की बात की।प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र भाटी ने बिल्डिंग की सौगात भेंटकर कोर्ट को लिंक से नियमित कोर्ट बड़ी जल्दी करने का आश्वासन देते हुए वकीलों की संख्या तथा प्रकरण की संख्या बढने पर भविष्य ने मौजूद भवन में एडीजे कोर्ट चालू होने के संकेत दिए। बक्सवाहा बार अध्यक्ष ब्रजेश बिल्थरे ने लिंक कोर्ट को नियमित करने की मांग रखते हुए न्यायाधीशगणों का आभार व्यक्त किया । एडवोकेट रामेश्वर सोनी की कविता के सभी मनमोह लिया।इस अवसर पर छतरपुर बार सचिव अनिल द्विवेदी सहित बड़ा मलहरा अध्यक्ष ओ पी शर्मा, उपाध्यक्ष विमलेश बिल्थरे तथा बक्सवाहा अधिवक्तागण रविभूषण तिवारी, सुखदेव प्रजापति,जय प्रकाश बिल्थरे,सीमा जैन, विनोद शुक्ला, दीपक प्रजापति, परमलाल यादव,हिमांशु बिल्थरे एवं तहसीलदार भारत पाण्डेय , गणमान्य नागरिक बृजगोपाल सोनी,मिली फट्टा, संदीप खरे, अरविंद तिवारी, राव साहब परमार, राजेंद्र परिहार, सीईओ एल एन रावत, महिला बाल विकाश अधिकारी हेमलता ठाकुर,कोविंद पाण्डेय,विकाश चढ़ार सूरज यादव, राजेंद्र रैकवार,नेहा रैकवार सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे ।मुख्य न्यायाधीश ने किया बक्सवाहा सिविल कोर्ट भवन का लोकार्पण



### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पर नगर पालिका की पहल

## वेतन भुगतान व मांगों के निराकरण का आश्वासन

छतरपुर।

नगर पालिका परिषद छतरपुर में सफाई कर्मचारियों द्वारा 18 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रशासन ने मार्च और अप्रैल माह का वेतन 5 मई तक भुगतान करने का लिखित आश्वासन दिया है। साथ ही कर्मचारियों की अन्य मांगों पर शीघ्र ही उच्च स्तरीय बैठक आयोजित कर नियमानुसार समाधान निकालने का भरोसा भी दिलाया गया।

सफाई कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों में आउटसोर्स कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति, रिक्त पदों पर नियमितीकरण, समय पर वेतन भुगतान और अप्रैल माह के वेतन में बढ़ोतरी शामिल करने की मांग रखी थी। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सौंपा था।

प्रशासन के आश्वासन के बाद अब हड़ताल की आगे की स्थिति बैठक में लिए गए निर्णय पर निर्भर करेगी। कर्मचारी प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि वादे के अनुसार कार्रवाई नहीं हुई तो हड़ताल जारी रखी जाएगी।

## प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में पंचायत राज में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

सिंगरौली जिला की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके के एवं राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राधा सिंह के गरिममय उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में सशक्त नारी सशक्त समाज, नारी सम्मान देश का अभिमान" विषय पर पंचायती राज संस्थाओं में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर विस्तृत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो विकास कार्यों में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनकल्याण की भावना और अधिक प्रभावी रूप से सामने आती है।उन्होंने कहा कि सरपंच के पास वह क्षमता और साहस होता है, जिससे वह अपनी पंचायत के दायित्वों को कुशलतापूर्वक निभा सकती है और आवश्यकता पड़ने पर बड़े स्तर की जिम्मेदारियां भी संभाल सकती है। महिला प्रतिनिधियों को अपने नेतृत्व कौशल का बेहतर उपयोग करते हुए पंचायत के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए।



प्रभारी मंत्री ने महिला प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे ग्राम सभा, जनपद पंचायत एवं अधिकारियों के साथ अपने विचार स्पष्ट रूप से रखें तथा सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी कार्यक्षमता को और अधिक मजबूत बनाएं।उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास हेतु तैयार किए जाने वाले एक्शन प्लान में महिला प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। पंचायत की आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएं बनाकर आंगनवाड़ी, सड़क, पेयजल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## सड़क पर पति-पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा, मारपीट का वीडियो वायरल
### मामूली विवाद बना झगड़ा, बीच सड़क एक-दूसरे पर बरसे पति-पत्नी

छतरपुर।

शहर में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का सिलसिला जारी है। अब एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद सड़क पर हाई वोल्टेज मारपीट में बदल गया।

घटना मऊदरवाजे के पास रात के समय हुई। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी में शुरू हुई कहासुनी जल्द ही हाथापाई में बदल गई। वीडियो में दोनों एक-दूसरे को मारते-पीटते और गाली-गलौज करते नजर आ रहे हैं।



आसपास खड़े लोग तमाशबीन बने रहे, हालांकि कुछ लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश भी की, लेकिन विवाद काफी देर तक चलता रहा। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग इस घटना को लेकर तरह-तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं।पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि वीडियो देखकर दोनों पक्षों की पहचान कर ली गई है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## ज्ञान भारतम पांडुलिपि अभियान में होगा पांडुलिपियों का सर्वेक्षण और डिजिटलीकरण

**रीवा।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ₹ज्ञान भारतम पांडुलिपि मिशन₹ के अंतर्गत मध्य प्रदेश में पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस मिशन की घोषणा एक फरवरी 2025 के केंद्रीय बजट में की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटलीकरण करना है। इस संबंध में मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग और भारत सरकार के बीच 19 दिसम्बर 2025 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें संस्कृति विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। यह विशेष अभियान 16 मार्च से जारी है और 15 जून तक संचालित किया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त मदन कुमार ने कलेक्टर्स को पत्र जारी किए हैं। अभियान के संबंध में जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें एसडीएम को समन्वयक और जिला नोडल अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया जाएगा। समिति में जिला पंचायत सीईओ, विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय तथा पुरातत्व विभाग के एक-एक प्रतिनिधि को सदस्य बनाया जाएगा। समिति मंदिरों, मठों, आश्रमों, निजी संग्रहों, पुस्तकालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज कर ₹ज्ञान भारतम₹ ऐप के माध्यम से जानकारी अपलोड करेगी। अभियान की सफलता के लिए पांडुलिपि धारकों के साथ संवाद स्थापित करने और विश्वविद्यालयों के छात्र-शोधार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ।इस मिशन के सुचारू संचालन के लिए डॉ. मनीषा शर्मा को मिशन हेड नियुक्त किया गया है और जिला स्तर पर विभाग का एक प्रतिनिधि भी तैनात किया गया है। चूंकि भारत सरकार द्वारा इस मिशन की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है, इसलिए जिला स्तरीय समिति को प्रत्येक 15 दिवस में अभियान की प्रगति की समीक्षा कर संचालनालय पुरातत्व को अवगत कराना होगा।

## बोरी बंधान से रोका गया पानी, बढ़ेगा भू जल स्तर

**उमरियापान।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड बहोरीबंद में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत ग्राम किरहाई पिपरिया (कुआँ), सेक्टर बचैया-03 में बोरी बंधान का कार्य किया गया। अम्हानाला-सुहार नदी स्थित हनुमान मंदिर के पास बने स्टॉप डेम में गेट न होने के कारण पानी का संचयन नहीं हो पा रहा था। इस समस्या के समाधान हेतु सभी के श्रमदान से बोरी बंधान किया गया, जिससे अब पानी का बहाव नियंत्रित होकर ओवरफ्लो के माध्यम से बहने लगा है। इससे जल का संरक्षण होगा तथा जल धरातल में समाहित होकर भूजल स्तर में वृद्धि करेगा। साथ ही नदी परिसर में फैले कचरे एवं प्लास्टिक को हटाकर साफ-सफाई भी की गई।

## टॉपर विद्यार्थियों का मुँह मीठा कर दी गई बधाई

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कूड़ा मर्दानगढ़ के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वी व 12 वी बेहतरीन परीक्षा परिणाम लाकर स्कूल का नाम गौरवन्वित किया हैं। प्राचार्या इंदु पांडेय ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम कक्षा 10 वी में 98 प्रतिशत तो 12 वी में 93 प्रतिशत रहा। स्कूल मै कक्षा 10 वी में प्रथम स्थान शालिनी बैरागी 88 प्रतिशत, दूसरा स्थान नरेंद्र 88 रहा। वही 12 वी कक्षा में प्रथम स्थान अंजली बर्मन 90 प्रतिशत,दूसरा स्थान सिद्दान्त लोधी 81 प्रतिशत रहा।

## राहगीरों को शीतल पानी मिले, खोला गया प्याऊ

**उमरियापान।** ढीमरखेड़ा सेक्टर के मुरवारी गांव के बस स्टॉप पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के द्वारा प्याऊ की स्थापना की गई। प्याऊ शुरू होने से ग्रामीणों और राहगीरों को शीतल पेजयल मिल रहा है। इस मौके पर समिति अध्यक्ष दीपू बैरागी, सचिव सुनील विश्वकर्मा,परामर्शदाता अंकित झारिया,सोनू गौतम,संतोष विश्वकर्मा,नीलेश राय,सतीश हल्दकार,सुमित उपस्थित रहे।

# गर्मी शुरू होते ही नलों में आने लगा गंदा पानी, पेयजल की गुणवत्ता पर फिर उठे सवाल, कई महीनो से बनी स्थिति

### मटमैला झागदार पानी उपयोग करने को मजबूर वार्डवासी, सेंपल लेने के अभियान पर लगा ब्रेक, अब नहीं होती जांच





**रीवा।** शहर में नगर निगम से मिलने वाले पेयजल की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर शिकायतें सामने आई हैं। अभी इंदौर की घटना को लोग भूल भी नहीं पाए कि एक बार फिर से रीवा शहर के कई मोहल्लों में सप्लाई के जरिए गंदा पानी घरों में पहुंचने लगा है। हरकत में आए प्रशासन द्वारा कुछ दिनों तक सैंपलिंग तो की गई लेकिन अब उसे पूरी तरह से भुला दिया गया है। सैंपलिंग भी खानापूर्ति तक सीमित रह गई हालात। यह है कि कई मोहल्ले शहर में ऐसे हैं जहां नलों में गंदा और बदबूदार नगर पालिक निगम तथा पानी आ रहा है जिसे पीने के लिए लोग मजबूर हो रहे हैं, हाल ही में शहर के वार्ड 25 बाणसागर कॉलोनी, सुंदर नगर एवं वार्ड क्रमांक, 18 आकृक्ति टॉकीज मार्ग में रहने वाले रहवासियों के घरों में इस तरह का मामला सामने आया है, लोगों का आरोप है कि कई दिनों से घरों में गंदा और काला पानी आ रहा जिसकी शिकायत नगर निगम प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस संबंध में पार्षदों द्वारा नगर निगम प्रशासन से अपने-अपने वार्डों के रहवासियों से पेयजल की गुणवत्ता के संबंधित में प्राप्त शिकायतों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को जानकारियां भेजी गई है। साथ ही कुछ पार्षदों ने जानकारी दिए जाने के बाद भी गुणवत्ता को लेकर व्याप्त समस्या का समाधान नहीं किए जाने पर नाराजगी भी व्यक्त की गई है। इसके अलावा वार्ड-4 एवं 40,9,8 सहित शहर के अन्य स्थानों पीने का गंदा पानी आ रहा है। बता दे वार्ड क्रमांक 25 के रहवासियों द्वारा बताया गया है कि गत कई महीनो से पीने का मटमैला और दुर्गधयुक्त पानी नलों में आ रहा है। वहां लागों ने नगर निगम में इसको शिकायत भी है लेकिन अब तक इसका कोई समाधान नहीं निकल पाया है। हालाकि अधिकारियों का कहना है कि शिकायतों का समाधान किए जाने के लिए नगर निगम के संबंधित स्टॉफ के माध्यम से हर रोज त्वरित आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। आवश्यक कार्यकारी की जा रही है। शहर में मानक गुणवत्ता के पेयजल की ही आपूर्ति हो रही है। लेकिन इसके बाद भी जिन्हें साफ पानी नहीं मिलने की शिकायत हो उन्हें अपने नल कनेक्शन समय-समय पर चेक करते रहना चाहिए कि कहीं यह कनेक्शन तो क्षतिगस्त नहीं है, क्योंकि नालियों के पास नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण भी संबंधितों को पेयजल की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें हो सकती हैं।इस कारण शहर में हो रही प्रदूषित पानी की सप्लाईशहर में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं कहीं सड़क बन रही है कहीं नाली और कहीं सीवर लाइन डाली जा रही है। लेकिन इन निर्माण कार्यों की एक कड़वी सच्चाई भी सामने आ रही है जिसका खामियाजा आम जनता को गदे पानी के रूप में भुगतना पड़ रहा है। हकीकत यह है कि जब तक नगर निगम निर्माण कार्यों के प्रति गंभीर नहीं होगा तब तक गंदे पानी की समस्या खत्म होना मुश्किल है। जैसे ही सड़क नाली या सीवर का काम शुरू होता है वों पुरानी पानी की क्षतिग्रस्त सबसे चिंताजनक बात यह है कि निर्माण एजेंसियां इन टूट चुकी पाइपलाइनों की जानकारी नगर निगम को देने के बजाय उन्हें अस्थायी रूप से ट्यूब या कपड़े से बांधकर छोड़ देती हैं। नतीजा यह होता है कि इन पाइपलाइनों में नालियों का गंदा पानी घुसने लगता है और धीरे-धीरे पूरी लाइन प्रदूषित हो जाती है।मटमैले और दुर्गधयुक्त पानी की सप्लाई से लोग परेशानमोहल्ले रहवासी रजनी कोरी ने बताया कि की समय से गंदा और बदबूदार पीने का पानी नलों में आने की समस्या के बारे में नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी दी जा रही है। इसके बाद भी समस्या का समाधान अब तक नहीं किया जाना गंभीर लापरवाही है। पंकज कुशवाहा, वार्ड 40 साफ पानी नहीं मिलने की शिकायतों को नगर निगम के अधिकारियों को हल्के से नहीं लेना चाहिए। हमारे वार्ड में भी मटमैले और दुर्गधयुक्त पानी की सप्लाई से लोग परेशान हो रहे हैं। नगर निगम प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी को पेयजल की कमी और गुणवत्ता को लेकर समस्या न हो। बताया जा रहा है कि गत एक सप्ताह से नलों से मटमैला, झागयुक्त और दुर्गंधयुक्त पानी नल में आ रहा है। वार्ड 18 के अंतर्गत आकृति टाकीज मार्ग की रहवासी इंद्रवती शुक्ला के अनुसार तीन दिन से मटमैला और दुर्गधयुक्त पानी आ रहा है, जिसको लेकर वार्ड पार्षद को भी जानकारी दी गई है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। इधर वार्ड 40 में भी पीने के लिए नल में आ रहा झागयुक्त होता है। इसमें भी मछली जैसी गंध आती है और किसी दिन मटमैला किसी दिन काई जैसा हरे रंग का बदबूदार पानी मिल रहा है।

## सिंगरौली में हुई बैंक डकैती के बाद रीवा में अलर्ट, पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, खामियां मिलने पर दिए सुधार के निर्देश





**रीवा।** सिंगरौली में हाल ही में हुई बैंक डकैती की घटना के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के पालन में रीवा जिले में व्यापक स्तर पर बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में जिलेभर में पुलिस टीमों ने बैंकों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बैंकों का भौतिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण के दौरान बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम, गार्ड व्यवस्था और अन्य सुरक्षा संसाधनों का गहन परीक्षण किया गया। जहां-जहां खामियां पाई गईं, वहां संबंधित बैंक प्रबंधन को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में किसानों द्वारा फसलों की बिक्री के चलते बैंकों में नगद लेन-देन बढ़ गया है, जिससे सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक हो गई है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस ने बैंकों और उनके आसपास के क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। साथ ही संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले बैंक क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयं मैदानी स्तर पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया, वहीं राजपत्रित अधिकारियों के माध्यम से थाना स्तर पर की जा रही कार्रवाई की निरंतर मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जा रही है। रीवा पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे बैंक में लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या डायल 112 पर दें।

## 12 घंटे में पुलिस ने ऑटो में छूटा 15 लाख के जेवरों से भरा बैग किया बरामद, पीड़ित महिलाओं नें पुलिस की सराहना, जताया आभार



**रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुई घटना का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। ऑटो में छूटे करीब 15 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरों से भरे बैग को पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, अजगरहा निवासी सगी बहनें सिम्पी सिंह और सुमन सिंह शुक्रवार शाम एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऑटो से सिरमौर चौराहा पहुंचीं। इसी दौरान जल्दबाजी में वे अपना बैग ऑटो में ही भूल गईं। बैग में लाखों रुपए के कीमती आभूषण और नगदी रखी हुई थी। महिलाएं बच्चे को संभालने में व्यस्त थीं, तभी ऑटो चालक बिना बैग लौटाए मौके से निकल गया। घटना का एहसास होते ही दोनों बहनों ने तत्काल अमहिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इतनी बड़ी राशि और जेवरात के गायब होने की सूचना मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और एक विशेष टीम गठित कर दी गई। पुलिस ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किया। घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस को संदिग्ध ऑटो का फुटेज मिला, जिसके आधार पर वाहन का नंबर ट्रेस किया गया। इसके बाद पुलिस ने ऑटो चालक की पहचान कर पूछताछ कर बैग बरामद किया गया। अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि चालक के कब्जे से जेवरात से भरा बैग पूरी तरह सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। बैग में रखे करीब 15 लाख रुपए मूल्य के आभूषण और नगदी सही-सलामत मिले हैं। बैग मिलने की सूचना मिलते ही पीड़ित महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने रीवा पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मुस्तैदी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## दो बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामदमंनगवा पुलिस ने कार्यवाही



**रीवा।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र में बाइक चोरी के एक मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी अजय कुमार साकेत ने थाना मनगवां में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिल ग्राम दुअरा तिराहा के पास से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की और संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर ग्राम दुअरा निवासी आकाश अग्निहोत्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रारंभिक पूछताछ में ही आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी लल्ली साकेत निवासी पलिया दुबान के साथ मिलकर उक्त बाइक चोरी की थी। आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि चोरी की बाइक को बिक्री के उद्देश्य से अपने मित्र अंकुश मिश्रा के रीवा स्थित किराए के कमरे में छिपाकर रखा गया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक को बरामद कर लिया। कार्रवाई के संबंध में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामले में संलिप्त आकाश अग्निहोत्री एवं अंकुश मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वहीं, फरार आरोपी लल्ली साकेत की तलाश जारी है।

## भू-संपदा प्रक्रियाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर 21 अप्रैल को

**रीवा ।** मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य भू-संपदा परियोजनाओं से संबंधित अधिनियमों, नियमों और कार्य प्रक्रियाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। यह शिविर 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट भवन के मोहन सभागार कक्ष में आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्राधिकरण की ओर से सेवानिवृत्त आईएएस और विशेष सचिव राजेश बहुगुणा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। संबंधित विभागों के अधिकारियों से जागरूकता शिविर में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## भगवान परशुराम जयंती पर शहर में निकली भव्य शोभा यात्रा, झांकियों और साधु-संतों ने बढ़ाई गरिमा





**रीवा।** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को रीवा शहर में भव्य एवं आकर्षक शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। पूरे आयोजन के दौरान शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़, जयकारों की गूंज और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों ने पूरे शहर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शोभा यात्रा की शुरुआत दोपहर 3 बजे परशुराम आश्रम, इटौरा बाईपास से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का विशाल जनसमूह एकत्रित होने लगा था। इसके बाद यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लगभग 10 किलोमीटर का भ्रमण कर कोठी कंपाउंड स्थित शिव मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ समापन किया गया। यात्रा के दौरान भगवान परशुराम की भव्य एवं आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन झांकियों में भगवान परशुराम के जीवन प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए मार्गों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष भी शोभा यात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं, जिसका परिणाम आज के सफल आयोजन के रूप में सामने आया। यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और जय परशुराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु-संतों की उपस्थिति ने धार्मिक गरिमा को और अधिक बढ़ाया। उनके आशीर्वचनों से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। शोभा यात्रा के समापन पर शिव मंदिर परिसर में विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।1

## जिला स्तरीय सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन आज जवा में

**रीवा ।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत 19 अप्रैल को जवा में जिला स्तरीय सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे हैं।

## मऊगंज पुलिस ने 26 वर्ष की उम्र में 26 अपराध करने वाले शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार, पुलिस अधीक्षक ने दस हजार रूपए का किया था इनाम घोषित




**मऊगंज।** रीवा आईजी गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है... इस दौरान मऊगंज पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित एसडीओपी सची पाठक के मार्गदर्शन में नवागत थाना प्रभारी मऊगंज रीना सिंह ने यह बड़ी कामयाबी हासिल की है. पुलिस को मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार शातिर अपराधी रमेश उर्फ मझिल्ला केवट पल्सर 220 बाइक में नशीली कफ सिरप की खेप लेकर ग्राहक के इंतजार में घूम रहा है.... जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए थाना प्रभारी रीना सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और मझिल्ला केवट निवासी मऊगंज चाक मोड़ वार्ड क्रमांक 2 को गिरफ्तार किया इस दौरान आरोपी के पास से 70 सीसी नशीली कफ़ सिरप और एक पल्सर 220 बाइक जब्त की गई. यह वही मझिल्ला केवट है जिसको NDPS एक्ट के मामले में सजा सुनाई गई थी, लेकिन फिर भी यह व्यक्ति फरार चल रहा था, इतना ही नहीं यह व्यक्ति मऊगंज जिले में कई अलग-अलग गैंग संचालित करता है जो चोरी लूट सहित नशे की तस्करी जैसी वारदातों को अंजाम देते है,हाल ही में हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई लाखों की चोरी में भी मझिल्ला केवट को आरोपी बनाया गया था.... फिलहाल मऊगंज पुलिस ने इस शातिर अपराधी मझिल्ला केवट को गिरफ्तार कर लिया है.मझिल्ला केवट 26 वर्ष की उम्र में ही इसके खिलाफ रीवा और मऊगंज जिले के अलग-अलग थानों में 26 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है इतना ही नहीं बल्कि जिले की हनुमना, शाहपुर, नईगढ़ी सहित मऊगंज पुलिस एवं रीवा जिले की समान थाना और सिविल लाइन पुलिस लगभग 3 वर्षों से तलाश कर रही थी पुलिस ने इसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया गया और इसे जेल भेज दिया गया।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए अहिंसा टीम ने जिला प्रशासन के साथ मनाया सतर्कता दिवस



**मऊगंज।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन जस्ट राईट फार चिल्ड्रन के परामर्श पर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया। इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया। अहिंसा टीम, जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। संगठन खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे मौकों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है। देश में बाल अधिकारों जस्ट राईट फार चिल्ड्रन की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के निदेशक अरूण सतलाकर ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है। जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा कि चंद वर्षों पहले तक लोगों को यह भी नहीं पता था कि नाबालिग बच्चों की शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। लेकिन जमीन पर हमारे गहन जागरूकता अभियानों से जागरूकता बढ़ी है और हालात बदले हैं। अब लोग बाल विवाहों की सूचना दे रहे हैं और प्रशासन तुरंत इसकी रोकथाम के लिए कार्रवाई कर रहा है। यह एक उल्लेखनीय बदलाव है और हमें विश्वास है कि हम 2030 से पहले ही जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।